# संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा अम्बिकापुर (छ.ग.)

(छ.ग. विश्वविद्यालय (संशोधन) अधिनियम, 18/2008 द्वारा स्थापित)

Email: - registrarsua@yahoo.in Phone: - 07774-222789, Fax:- 07774-222791


क्रमांक/ 607/अकादमिक/2024 अम्बिकापुर, दिनांक 11.06.2024

प्रति,

1. प्राचार्य
   समस्त सम्बद्ध शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालय
   संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा अम्बिकापुर (छ.ग.)

2. विभागाध्यक्ष
   समस्त शैक्षणिक विभाग
   संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा अम्बिकापुर (छ.ग.)

**विषय - लू (Heat Stroke) के प्रबंधन एवं बचाव के संबंध में।**

सन्दर्भ - अपर संचालक, कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर (छ.ग.) का पत्र क्र. 411/220/आउशि/सम./2024 अटल नगर, दिनांक 04.06.2024

विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र का अवलोकन करना चाहेंगे। राज्य में पड़ रही भीषण गर्मी से तापमान में औसत से अधिक वृद्धि के कारण छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न हिस्से में भीषण गर्मी पड़ने से लू चल रही है। अतः पत्र के साथ संलग्न स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी किये गये प्रबंधन एवं बचाव के दिशा-निर्देशों का पालन कराया जाना सुनिश्चित करें।

**संलग्न - उपरोक्तानुसार**

**(माननीय कुलपति जी द्वारा अनुमोदित)**

Sd/- **कुलसचिव**

पृ. क्रमांक/ 608 /अकादमिक/2024 अम्बिकापुर, दिनांक 11.06.2024

**प्रतिलिपि —**

1. अपर संचालक, कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर (छ.ग.) का पत्र क्रमांक 411/220/आउशि/सम./2024 अटल नगर, दिनांक 04.06.2024 के सन्दर्भ में सूचनार्थ।
2. कुलपति के सचिव/कुलसचिव के निज सहायक, संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा अम्बिकापुर (छ.ग.) की ओर सूचनार्थ।
3. कार्यालयीन नस्ती।

Sd/- **सहायक कुलसचिव (अकादमिक)**

Acadmic 2024

# कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा
## ब्लॉक सी–3, द्वितीय एवं तृतीय तल, इंद्रावती भवन,
## नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)

***(Email - highereducation.cg@gmail.com Websitewww.highereducation.cg.gov.in)***

क्रमांक .411 / 220 / आउशि / सम. / 2024 नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 04.06.2024

**प्रति,**

1. कुलपति
   समस्त राजकीय एवं निजी विश्वविद्यालय छ.ग.।
2. प्राचार्य,
   समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालय छ.ग.।

**विषय :– लू (Heat Stroke) के प्रबंधन एवं बचाव के संबंध में ।**

संदर्भ :– संचालक स्वास्थ्य सेवाये का पत्र क्रमांक NPCCHH / 2024 / 14 दिनांक 05.03.2024

----000----

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि राज्य में पड़ रही भीषण गर्मी से तापमान में औसत से अधिक वृद्धि के कारण छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न हिस्सों में भीषण गर्मी पड़ने से लू चलने की संभावना है। अतः स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी किये गये प्रबंधन एवं बचाव दिशा–निर्देश को समस्त महाविद्यालय / विश्वविद्यालय में निम्नानुसार निर्देश का पालन किया जावेः–

1. यथा संभव विद्यार्थियों को ऑनलाईन प्रणाली में पाठ्यक्रम रखे, अन्यथा समय–सारिणी को ऐसा रखे कि विद्यार्थियों को भीषण गर्मी के पहले या बाद कैंपस में आ सके।
2. महाविद्यालय स्तर पर छात्र / छात्राओं एवं अधिकारियों एवं कर्मचारियों को लू (Heat Stroke) से बचाव के लिए जारी गाईडलाईन को मोटे अक्षरों में संस्था के नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित करें ।
3. आवश्यकतानुसार महाविद्यालय स्तर पर छात्र / छात्राओं के लिए फ्लूड, ओ.आर.एस. पैकेट, बुखार की दवा की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये ।
4. उल्टी, सर दर्द, तेज बुखार दी दशा में निकट के अस्पताल अथवा स्वास्थ्य केन्द्र में जाने हेतु सलाह दिया जावे ।
5. छात्र / छात्राओं को धूप में निकलने से पहले सिर व कानों को कपड़ो से अच्छी तरह बांधने हेतु सलाह दी जाये ।
6. पीने के पानी की सभी परीक्षा कक्ष में पर्याप्त मात्रा में व्यवस्था की जाये एवं पानी अधिक मात्रा में पीने की सलाह दे।
7. अपने जिले / ब्लाक एवं निकटतम स्वास्थ्य केन्द्रों के आपात कालीन नंबरों को महाविद्यालय के सूचना पटल पर चस्पा करें एवं छात्र–छात्राओं को उपलब्ध करावें ।
8. कमरें में कुलर / फैन की आवश्यक व्यवस्था करें।
9. गर्मी के दौरान नरम, मुलायम सूती के कपड़े पहनने चाहिए ताकि हवा और कपड़े पसीने को सोखते रहे।
10. अधिक पसीना आने की स्थिति में ओ.आर.एस. घोल पीये।
11. चक्कर आने, मितली आने पर छाया दार स्थान पर आराम करें तथा शीतल पेय जल अथवा उपलब्ध हो तो फल का रस, लस्सी, मठा आदि का सेवन करें।
12. प्रारंभिक सलाह के लिए 104 आरोग्य सेवा केन्द्र से निःशुल्क परामर्श लिया जावें।

साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी निर्देश की छायाप्रति संलग्न प्रेषित है।

**संलग्न :– उपरोक्तानुसार।**
**(आयुक्त, उच्च शिक्षा द्वारा अनुमोदित)**

4.6.2024

अपर संचालक
उच्च शिक्षा संचालनालय
नवा रापुर अटल नगर (छ.ग.)

पृष्ठाकंन. क्र 412 / 220 /आउशि/ सम/2024 नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 04.06.2024

प्रतिलिपिः—

1. सचिव, छ.ग.शासन उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर अटल नगर।
2. अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग रायपुर

..........................को सूचनार्थ प्रेषित ।

4.6.2024

अपर संचालक
उच्च शिक्षा संचालनालय
नवा रापुर अटल नगर (छ.ग.)

# संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें, छत्तीसगढ़

**राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम (NPCCHH)**

द्वितीय तल, स्वास्थ्य भवन, सेक्टर– 19, नवा रायपुर, अटल नगर (छत्तीसगढ़)
जिला– रायपुर, पिन– 492015, ईमेल– climatechangecg@gmail.com


**क्रमांक / NPCCHH / 2024 / 14** **नवा रायपुर, दिनांक– /02/2024** 05/03/2024

**प्रति,**

1. **मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,**
   **जिला समस्त, छत्तीसगढ़ ।**
2. **सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक,**
   **जिला चिकित्सालय – समस्त, जिला, छ.ग.**

**विषयः लू (Heat Stroke) के प्रबंधन एवं बचाव के संबंध में दिशा निर्देश।**

उपरोक्त विषयातंर्गत लेख है कि राज्य में पड़ रही भीषण गर्मी के पड़ रही है जिससे तापमान में औसत रूप से हुई वृद्धि के कारण छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न हिस्सों में भीषण गर्मी पड़ने एवं लू चलने की संभावना है। गर्मी के कारण जन स्वास्थ्य प्रभावित होता है, उक्त परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए निम्न दिशानिर्देश जारी किये जाते हैं:-

**<u>लू के लक्षणः–</u>**

1. सिर में भारीपन और दर्द का अनुभव होना ।
2. तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना ।
3. चक्कर और उल्टी आना ।
4. कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना ।
5. शरीर का तापमान अधिक होने के बावजूद पसीने का ना आना ।
6. अधिक प्यास लगना और पेशाब कम आना ।
7. भूख कम लगना ।
8. बेहोश होना ।

**<u>लू से बचाव के उपायः–</u>**

लू लगने का प्रमुख कारण तेज धूप और गर्मी में ज्यादा देर तक रहने के कारण शरीर में पानी और खनिज मुख्यतया नमक की कमी हो जाना होता है। अतः इससे बचाव के लिए निम्न बातों का ध्यान रखना चाहिए :–

1. बहुत अनिवार्य न हो तो घर से बाहर ना जावें।
2. धूप में निकलने से पहले सर व कानो को कपड़े से अच्छी तरह से बांध ले ।
3. पानी अधिक मात्रा में पीये।
4. अधिक समय तक धूप में न रहे ।
5. गर्मी के दौरान नरम, मुलायम सूती के कपड़े पहनने चाहिए ताकि हवा और कपडे पसीने को सोखंते रहे।
6. अधिक पसीना आने की स्थिति में ओ.आर.एस. घोल पीये ।
7. चक्कर आने, मितली आने पर छाया दार स्थान पर आराम करें तथा शीतल पेय जल अथवा उपलब्ध हो तो फल का रस, लस्सी, मठा आदि का सेवन करें ।
8. प्रारंभिक सलाह के लिए 104 आरोग्य सेवा केन्द्र से निः शुल्क परामर्श लिया जावें ।
9. उल्टी, सर दर्द, तेज बुखार की दशा में निकट के अस्पताल अथवा स्वास्थ्य केन्द्र में जरुरी सलाह लिया जावें।

**लू लगने पर किया जाने वाला प्रारंभिक उपचारः**

1. बुखार पीड़ित व्यक्ति के सर पर ठंडे पानी की पट्टी लगावें ।
2. अधिक पानी व पेय पदार्थ पिलावें जैसे कच्चे आम का पना, जलजीरा आदि ।
3. पीड़ित व्यक्ति को पंखे के नीचे हवा में लेटा देवें ।
4. शरीर पर ठंडे पानी का छिड़काव करते रहे ।
5. पीड़ित व्यक्ति को शीघ्र ही किसी नजदीकी चिकित्सक या अस्पताल में इलाज के लिए ले आवे ।
6. मितानिन /ए.एन.एम. से ओ.आर.एस. की पैकेट हेतु संपर्क करें ।

**अस्पतालों में व्यवस्थाः**

राज्य के सभी शासकीय चिकित्सालय में लू के प्रबंधन हेतु निम्नानुसार निर्देश जारी किये जाते है:

1. बाहय रोगी विभाग में आने वाले सभी मरीजों में लू के लक्षण की जॉच अवश्य करें ।
2. प्रत्येक अस्पतालों में कम से कम दो बिस्तर इन मरीजों के लिए आरक्षित किया जावें ।
3. वार्ड में शीतलता हेतु कूलर अथवा अन्य उपाय किया जावें ।
4. बाह्य रोगी कक्ष में बैठने की उचित प्रबंध के साथ ठंडे पेय जल की व्यवस्था सुनिश्चित किया जावें
5. प्रत्येक मरीज को लू से बचाव की जानकारी अनिवार्य रुप से दी जावे, कि प्यास अनुसार पानी अवश्य पीये, छोटे बच्चों को कपडें से ढककर छाया वाले स्थान पर रखे ।
6. बाह्य रोगी विभाग में आने वाले सभी मरीजों का लू के लक्षण की जॉच अवश्य करें ।
7. प्राथमिक उपचार कक्ष में ओ.आर.एस. कार्नर बनाया जावे।
8. बाह्य रोगी के ऐसे मरीज जिन्हें उपचार पश्चात वापसी हेतु अधिक दूरी जाना है, को आवश्यकता अनुसार ठहरने की व्यवस्था किया जावे ।
9. पर्याप्त मात्रा में इन्ट्रा वेनस फ्लूड, ओ.आर.एस. पैकेट, बुखार की दवा की उपलब्धता सुनिश्चित किया जावें ।
10. अत्यधिक गर्मी से पीड़ित बच्चों, वृद्धों, गर्भवती महिलाओं एवं गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों के ईलाजहेतु अस्पताल में पर्याप्त व्यवस्था की जाये ।
11. सभी जिला तथा ब्लाक मुख्यालयों में कण्ट्रोल रूम स्थापित किया जाये ।
12. अत्यधिक प्रभावित स्थानों को चिन्हांकित किया जावे तथा उनके प्रबंधन हेतु मोबाइल चिकित्सा दल की व्यवस्था की जाये ।

**दैनिक प्रतिवेदन (Daily Reporting):-**

अस्पताल में लू लगने के कारण आने वाले मरीजों की जानकारी दिनांक 01/03/2024 से IHIP में Online Portal https://ihip.nhp.gov.in/#!/ में प्रतिदिन Reporting करने हेतु आदेशित करने का कष्ट करेंगे।

संचालक
स्वास्थ्य सेवाएं
छत्तीसगढ़

क्रमांक / NPCCHH / 2024 / 15                                                                  नवा रायपुर, दिनांक– 05/02/2024

प्रतिलिपि :–


1. अपर मुख्य सचिव, छ.ग. शासन, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, अटल नगर की ओर सादर सूचनार्थ ।
2. आयुक्त, स्वास्थ्य सेवाएं, छ.ग. की ओर सादर सूचनार्थ।
3. मिशन संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छ.ग. की ओर सूचनार्थ ।
4. संचालक, महामारी नियंत्रण, छ.ग. की ओर सादर सूचनार्थ।
5. संचालक, चिकित्सा शिक्षा, छत्तीसगढ़ की ओर सूचनार्थ ।
6. जिला नोडल अधिकारी (NPCCHH), जिला – समस्त, छत्तीसगढ़ की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।

संचालक
स्वास्थ्य सेवाएं
छत्तीसगढ़

लैपटॉप, आईपैड, मोबाईल, स्मार्ट वाच व अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरण भी साथ लेकर आने कहा गया। प्राप्त जानकारी अनुसार विधानसभा सक्ती टेबल लगाए जाने हैं। डाक मतपत्र की गणना शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज

# तापमान में हुई वृद्धि के कारण भीषण गर्मी एवं लू से बचने के लिए बरतें सावधानी : तोपनो

नईदुनिया न्यूज, सक्ती: तापमान में अत्यधिक वृद्धि, भीषण गर्मी एवं लू से बचाव के लिए आवश्यक सावधानी बरतने कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने जिलेवासियों और अधिकारियो कर्मचारियों से अपील की है। उन्होंने सीएमएचओ डा. सूरज सिंह राठौर को जिला चिकित्सालय सहित सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में लू से बचाव के लिए तथा अन्य आवश्यक दवाइयों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। जिलेवासियों और अधिकारियो- कर्मचारियों से अपील की है कि लू से बचाव के लिए पर्याप्त पानी पीए, हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहने। अपने आप को हाइड्रेटेड रखने के लिए ओआरएस घोल, घर के बने पेय जैसे- लस्सी, नींबू का पानी, छाछ आदि का सेवन करें। धूप में अनावश्यक बाहर जाने से बचे, नंगे पाँव बाहर न



कलेक्टर अमृत विकास तोपनो

जाए, दोपहर के समय खाना पकाने से बचें, शराब, चाय, कॉफी और कार्बोनेटेड शीतल पेय से बचे, ये शरीर को निर्जलित करते हैं। अधिक प्रोटीन वाले भोजन से बचें। सीएमएचओ डा. सूरज सिंह राठौर ने बताया कि सिर में भारीपन और दर्द, तेज बुखार के साथ मुंह का सूजन, चक्कर और उल्टी आना, कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना, शरीर का तापमान अधिक होने के बावजूद पसीने का न आना, अधिक प्यास लगना और पेशाब कम आना, भूख न लगना व बेहोश होना आदि लू लगने के लक्षण है। ऐसा होने वाले पर निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र में तुरंत संपर्क करना चाहिए। उन्होंने बताया की पानी का प्रचुर मात्रा में सेवन करते रहे शरीर में हाइड्रेशन की स्थिति बनी रहे, खाली पेट घर से बाहर न निकले, मौसमी फलों का सेवन करे, शरीर में तेल लोशन आदि का प्रयोग गर्मी के समय में करने से बचे, अनावश्यक धूप में निकलने से बचे, घर में ओ आर एस का सेवन करे। मूत्र का रंग पिला होने की दशा में नजदीकी शासकीय स्वास्थ्य केंद्र में संपर्क करें। बुखार से पीड़ित व्यक्ति के सिर पर ठंडे पानी की पट्टी लगायें, शरीर पर ठंडे पानी का छिड़काव करते रहें तथा पीड़ित व्यक्ति को शीघ्र ही किसी नजदीकी चिकित्सा केन्द्र में उपचार के लिए ले जायें।

# सरपंच

## गोंडवाना ग

नईदुनिया न्यूज, स
गणतंत्र पार्टी के
पंचायत सीईओ क
में तालाब निर्माण
और सरपंच के
की मांग को लेक
मांग पूरी नहीं होने
चेतावनी दी है। ज
कि ग्राम पंचायत
ग्राम अंजोरीपाली में
जायसवाल के द्वार
निर्माण कराया ज
पर ग्राम अंजोरी
लगभग दो सप्ताह
कराते हुए निर्माण
लगाने की मांग
दिए थे। मगर
जाने के बाद भी क
है। उन्होंने जनपद
से निवेदन किया है
जुड़गा के आश्रित